BSES

---

27 जनवरी, 2016 प्रेस रिलीज

बिजली बिल का भुगतान करें, और जीतें टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, बाइक

ड्यू डेट से पहले हर बिल के भुगतान पर 200 रूपये तक का कैश बैक

बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं के लिए *जीरो बैलेंस स्कीम* लॉन्च की है। इसके तहत, तय समय यानी ड्यू डेट से पहले अपने बिजली बिल व बकाये का भुगतान कर, उपभोक्ता जीत सकते हैं बाइक, 40 इंच का एलईडी टीवी, फ्रिज वॉशिंग मशीन। साथ ही, सैकड़ों एलईडी बल्ब्स और सिनेमा के वाउचर भी जीते जा सकते हैं। यही नहीं, ड्यू डेट से 7 दिन पहले पेटीएम वेबसाइट/ पेटीएम ऐप के माध्यम से बिल का भुगतान करने पर, उपभोक्ताओं को प्रति बिल 200 रूपये का कैश बैक भी मिलेगा। लकी ड्रॉ और कैश बैक, दोनों की स्कीम 31 मार्च 2016 तक के लिए हैं।

ड्यू डेट से पहले अपने बिल और बकाये का भुगतान करने पर बीआरपीएल और बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को एक मेगा लकी ड्रॉ में शामिल किया जाएगा, जहां वे बाइक, 40 इंच का एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और फ्रिज जीत सकते हैं। मेगा लकी ड्रॉ का आयोजन बीवाईपीएल और बीआरपीएल मुख्यालयों में अप्रैल माह में होगा। विजेताओं के नामों का विवरण बीएसईएस की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

मेगा लकी ड्रॉ के अलावा, बीआरपीएल के सभी 19 और बीवाईपीएल के सभी 14 डिविजनों में, सामान्य लकी ड्रॉ का आयोजन भी होगा, जिसमें सभी डिविजनों के 10–10 उपभोक्ता पांच–पांच एलईडी बल्ब्स जीत सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि उपभोक्ता ड्यू डेट से पहले अपने बिजली बिल और बकाये का भुगतान कर दें, ताकि वे 31 मार्च 2016 को जीरो बैलेंस मेंटेन कर सकें।

जीरो बैलेंस स्कीम व लकी ड्रॉ में शामिल होने के लिए कोई औपचारिकता नहीं रखी गई है। ड्यू डेट से पहले बिल और बकाये का भुगतान करते ही उपभोक्ता स्वतः इस स्कीम का हिस्सा बन जाएंगे। इसके कोई फॉर्म आदि भरने की जरूरत नहीं है।

बिल भुगतान करने पर, प्रति बिल 200 रूपये का कैश बैक भी मिलेगा

पेटीएम ने खासतौर पर बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए एक कैश बैक स्कीम लॉन्च की है। इस सिलसिले में बीएसईएस और पेटीएम के बीच एक समझौता–पत्र पर दस्तखत किए गए हैं। कैश बैक स्कीम फरवरी और मार्च के महीनों के लिए है। स्कीम के तहत, यदि उपभोक्ता ड्यू डेट से 7 दिन पहले बिल का भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें प्रति बिल 200 रूपये का कैश बैक मिलेगा। और, यदि वे बाकी के अन्य दिनों में लेकिन ड्यू डेट से पहले भुगतान करते हैं, तो उन्हें प्रति बिल 150 रूपये का कैश बैक मिलेगा। इसके लिए बस उन्हें पेटीएम की वेबसाइट या पेटीएम ऐप के माध्यम से बिल का भुगतान करना होगा।

कैश बैक का लाभ उठाने के लिए बिलों का भुगतान विभिन्न माध्यमों से किया जा सकता है, जिनमें डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और पेटीएम वॉलेट के जरिए भुगतान भी शामिल है। कैश बैक स्कीम का लाभ उठाने के इच्छुक उपभोक्ता पेटीएम डॉटकॉम या पेटीएम ऐप पर जाएं और इलेक्ट्रिसिटी बिल पेमेंट के विकल्प पर क्लिक करें। बीएसईएस राजधानी/ बीएसईएस यमुना को सेलेक्ट करें और अपना सीए नंबर डालें। इसके बाद, रकम वाले कॉलम में यह दिखेगा कि आपको कितनी रकम के बिल का भुगतान करना है। 200 रूपये का कैश बैक पाने के लिए आप कूपन कोड बीएसईएस 200 का इस्तेमाल करें। भुगतान के बाद पेटीएम एप्लिकेशन, एसएमएस

और ईमेल के माध्यम से रसीद आपको मिल जाएगी। याद रखें, ड्यू डेट के 7 दिन पहले बिल का भुगतान करने पर ही 200 रूपये का कैश बैक मिलेगा।